**INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL, DAMMAM**

**ANNUAL REVISON WORKSHEET 2023-24**

**CLASS: VI** **SUBJECT: HINDI**

L-11 जो देखकर भी नहीं देखते L-12 संसार पुस्तक है L-13 मैं सबसे छोटी होऊँ L-15 नौकर L-18 मत बाँटो इंसान को

व्याकरण : विलोम शब्द ,पर्यायवाची शब्द , काल और काल परिवर्तन, अशुद्ध – शुद्ध शब्द , वाक्य शुद्धिकरण ,पठित , अपठित गद्यांश

पठित पद्यांश

अनुच्छेद लेखन: (पर्वतीय सुंदरता)

**प्रश्न.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

एक जंगल में परिजात का एक पेड़ था। परिजात का कोई मुकाबला नहीं था। उसकी सुंदरता बेजोड़ थी। परिजात को भी अपने गुणों का पूरा- पूरा पता था। नीले आसमान में सिर उठाए परिजात अपने-आप को, पेड़ों का सरताज समझता था। जब बहार के दिन आते तो परिजात अनगिनत नन्हें-नन्हें फूलों से लद जाता, लगता मानों किसी ने आकाश से सारे तारे तोड़कर परिजात की शाखाओं पर टाँक दिए हो। चुंबक की तरह परिजात सबको अपनी तरफ़ खींचता, जिसे देखो, वही परिजात की तरफ़ भागता । सतरंगी शालें ओढ़े चटकीली तितलियाँ सहेलियों के साथ झुंड का झुंड बनाकर परिजात का श्रृंगार देखने आतीं तथा जाते-जाते फूलों को खींचकर ढेरों पराग अपने साथ ले जाती।

(क) जंगल में किसका पेड़ था ?

(i) नीम (ii) परिजात (iii) पीपल (iv) आम

(ख) परिजात अपने आप को क्या समझता था?

(i) फूलों का राजा (ii) पेड़ों का दास (iii) ईश्वर (iv) पेड़ों का सरताज

(ग) वह अनगिनत फूलों से कब लद जाता था?

(i) पतझड़ में (ii) बहार में (iii) वर्षा में (iv) सरदी में

(घ) तितलियाँ क्या करती थीं?

(i) उसके फूलों का पराग ले जाती थीं (ii) फूल ले जाती थीं

(iii) डालों पर गाना गाती थीं (iv) कुछ नहीं करती थीं

(ङ) परिजात सबको अपनी तरफ़ कैसे खींचता था ?

(i) पराग की तरह (ii) चुंबक की तरह (iii) बहार की तरह (iv) सुगंध की तरह

**प्रश्न 2. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

कुछ वर्षों तक गांधी ने आश्रम के भंडार का काम संभालने में मदद की । सवेरे की प्रार्थना के बाद वे रसोईघर में जाकर सब्ज़ियाँ छीलते थे । रसोईघर या भंडारे में अगर वे कहीं गंदगी या मकड़ी का जाला देख पाते थे तो अपने साथियों को आड़े हाथों लेते । उन्हें सब्ज़ी ,फल और अनाज के पौष्टिक गुणों का ज्ञान था । एक बार एक आश्रमवासी ने बिना धोए आलू काट दिए । गांधीजी ने उसे समझाया आलू और नींबू को बिना धोए नहीं काटना चाहिए। एक बार एक आश्रमवासी को कुछ ऐसे केले दिए गए जिनके छिलकों पर काले चकत्ते पड़ गए थे । उसने बहुत बुरा माना । तब गांधीजी ने उसे समझाया कि यह जल्दी पच जाते हैं और तुम्हें ख़ासतौर पर इसलिए दिए गए हैं कि तुम्हारा हाज़मा कमज़ोर है।

(क) गांधी सवेरे की प्रार्थना के बाद कौन सा कार्य करते थे

(i) सब्ज़ियाँ लाना (ii) सब्ज़ियाँ छीलना (iii) सब्ज़ियाँ काटना (iv) सब्ज़ियाँ पकाना

(ख) गांधीजी को सफ़ाई बहुत पसंद थी । ऐसा किस कथन से पता चलता है ?

(i) वे भंडार का काम स्वयं देखते थे (ii) रसोई घर का काम स्वयं करते थे
(iii) रसोईघर में जाला देख साथियों को आड़े हाथों लेते । (iv) उन्हें किसी पर भी विश्वास नहीं था

(ग) गांधीजी को फल , सब्ज़ियों और अनाज के --------- जानकारी थी।

(i) मूल्य की (ii) पौधों की उगाने की (iii) ज़मीन की (iv) पौष्टिक गुणों

(घ) गांधीजी ने आश्रमवासी को कैसे केले दिए ?

(i) लाल केले (ii) कच्चे केले (iii) काले चकत्ते वाले (iv) हरे केले

(ङ) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

(i) संसार पुस्तक है (ii) लोकगीत (iii) नौकर (iv) जो देखकर भी नहीं देखते हैं

**प्रश्न 3. निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

मिला न सूरज का संदेसा
हर घाटी - मैदान को।

धरती बाँटी सागर बाँटा

मत बाँटो इंसान को ।।

अब भी हरी- भरी धरती है
ऊपर नील वितान है।

पर न प्यार हो तो जग सूना

जलता रेगिस्तान है ।।

(क) हर घाटी मैदान को किसका संदेसा नहीं मिला ?

(i) सूरज का (ii) चाँद का (iii) पृथ्वी का (iv) ग्रहों का

(ख) इस कविता में कवि किसी नहीं बाँटने को कह रहा है ?

(i) धरती को (ii) आकाश को (iii) सागर को (iv) इंसान को

(ग) धरती कैसी है ?

(i) सूखी (ii) गर्म (iii) हरी भरी (iv) कठोर

(घ) ऊपर कैसा वितान है ?

(i) नीला (ii) काला (iii) हरा (iv) पीला

(ङ) इस कविता के कवि कौन है ?

(i) शमशेर बहादुर सिंह (ii) विनय महाजन (iii) केदारनाथ अग्रवाल (iv) अयोध्यासिंह उपाध्याय

प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए ।

(1) सैर (2) सहायता (3) अचरज (4) अनुकरण (5) मुग्ध

(6) आबाद (7) अस्वस्थ (8) परखना (9 ) गर्व (10) रोड़ा

(11) अक्सर

प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाओ ।

(1) खत -----------------------------

(2) अक्सर ----------------------------

(3) सहायता -----------------------------

(4) सैर ------------------------------

(5) मुग्ध -------------------------------

(6) गर्व -------------------------------

**प्रश्न 6. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -**

1. जब आश्रम का निर्माण हो रहा था उस समय वहाँ आने वाले कुछ मेहमानों को ------------ में सोना पड़ता था। ( तंबुओं / मैदानों )

2. प्यार के बिना ------------ सूना है । (जग / आसमान )

3. हेलेन की मित्र ------------ घूमने गई थी । (बाज़ार / जंगल )

4. भोजपत्र के पेड़ की छाल ------------ होती है। (चिकनी / खुरदुरी )

5. गाँधीजी की पत्नी का नाम ------------ है । (श्रीमती पोलक / कस्तूरबा )

6. गाँधीजी को अपने लिए दूसरों से काम करवाना ------------ था। (नापसंद / पसंद)

7. ऊपर ------------ वितान है। (नील / झील )

8. महलों में ------------ बंदी है। (अँधेरा / उजियाला )

9. बच्ची किसके आँचल में छिपी रहना चाहती है। (नानी/ माँ )

10. माँ किसकी बातें नहीं सुनाती। ( राजा / परियों )

11. ‘नौकर’ पाठ के लेखक का नाम ------------ है। (अनु बंधोपाध्याय / विनय महाजन)

12. आश्रमवासी ने बिना धोए ------------ काट दिए। ( मूली / आलू )

13. लंदन में छात्रों ने गाँधीजी को ------------ भोजन पर बुलाया। (शाकाहारी / मासांहरी )

14. इंग्लैंड केवल एक छोटा-सा ------------ था। (टापू / शहर )

15. यह धरती पहले ------------ थी। (बेहद गर्म / कठोर )

**प्रश्न 7. निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उतर लिखिए ।**

**1.**हेलन केलर मित्रों को परखने के लिए क्या करती है ?

**2.**बेटी किसका अँचल पकड़कर साथ चलना चाहती है ?

**3.**कॉलेज के छात्रों से छात्रों से गांधीजी ने कौनसा काम करवाया ?

**4.**ज़िंदगी की खुशियों को किन रंगों से हरा भरा किया जा सकता है ?

**5.**गांधीजी आश्रम में सहायक के रूप में किसे रखने का आग्रह करते थे ?

**6.** ‘ मत बाँटो इंसान को ’ कविता क्या संदेश देती है ?

**7.**हमने भगवान को कहाँ कहाँ बाँट लिया है ?

**8.** दृष्टि के आशीर्वाद को क्या समझते हैं ?

**9.** बेटी माँ को क्या दिखाने को कहती है ?

**10.** गांधीजी नौकरों को किस के समान मानते थे ?

**11.**दक्षिण अफ्रीका में एक बार गांधीजी के साथ कौन ठहरे हुए थे ?

**प्रश्न 8. अशुद्ध शब्दों को शुद्ध कीजिए ।**

1. तूलना 2. मकमली 3. अफ्रिका 4. प्रक्रिया 5. समां

6. खुरदरि 7. महसुस 8. आशरम 9. पयार 10. संदोषी

## व्याकरण

**प्रश्न 9. नीचे दिए गए शब्दों में से काल के सही भेद चुनकर लिखिए -**

1. अक्षय पढ़ रहा है । (भूतकाल /भविष्यत् काल / वर्तमान काल )
2. सारा ने गाना सुनाया था । (भूतकाल /भविष्यत् काल / वर्तमान काल )
3. राहुल समाचार पढ़ता है । ----------------------------------------
4. मोहन बाज़ार जाएँगा । ---------------------------------------
5. माधवी ताजमहल देखने जाएँगी । ---------------------------------------
6. मैंने पैन ख़रीदा । ----------------------------------------
7. बच्चे लड़ रहे थे । -----------------------------------------
8. मैं कल रियाद जाऊँगा । ---------------------------------------
9. बहन खाना बना रही है । ---------------------------------------
10. अयान गृहकार्य कर रहा है। --------------------------------------

**प्रश्न 10. नीचे दिए गए वाक्यों को कोष्ठक में दिए गए काल के अनुसार बदलकर सही उत्तर चुनिए -**

1.शूटिंग चल रही थी । **(वर्तमान काल में )**

(i) शूटिंग चलेंगी (ii) शूटिंग चल रही थी । (iii) शूटिंग चल रही है । (iv) भूतकाल

2. ज़ैनब गाड़ी चला रही थी । **(भविष्यत् काल में)**

(i) ज़ैनब ने गाड़ी चलाई थी । (ii) ज़ैनब गाड़ी चला रही है । (iii) ज़ैनब गाड़ी चलाएँगी ।

3. सभी ने मिलकर काम किया । **(भविष्यत् काल में )**

(i) सभी ने मिलकर काम किया । (ii) सभी मिलकर काम करेंगे । (iii) सभी मिलकर काम करते हैं ।

4. रोहन वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेगा । (भूतकाल में ) -------------------------

5. माली पौधों को सींच रहा था । (वर्तमान काल में ) -------------------------

6. सोहन अखबार पढ़ेगा । (वर्तमान काल में ) ----------------------

7. हम खेल रहे हैं । (भूतकाल में ) ----------------------

8. अंकिता नाच रही थी । (भविष्यत् काल में ) -----------------------

9. सभी इस कार्य की प्रशंसा करेंगे । (वर्तमान काल में ) ----------------------

10. मैं कार खरीदूँगा । (भूतकाल में ) ---------------------------

**विलोम शब्द :**

**1.**पेड़ों पर **<u>नवीन</u>** पत्ते लगे हैं । रेखांकित शब्द का सही विलोम शब्द चुनिए ।

(i) नया (ii) शोक (iii) दुख (iv) प्राचीन

2 आज का दिन **<u>शुभ</u>** है । रेखांकित शब्द का सही विलोम शब्द चुनिए ।

(i) रंक (ii) अहित (iii) उपकार (iv) अशुभ

3. विकास बहुत **<u>चतुर</u>** बालक है । रेखांकित शब्द का सही विलोम शब्द चुनिए ।

(i) मूर्ख (ii) अज्ञान (iii) सेवक (iv) विवेक

**प्रश्न 11. निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए :**

| | | |
|---|---|---|
| **4.** हर्ष **x** ---------- | **5.** स्वर्ग **x** ---------- | **6.** राजा **x** ---------- |
| **7.** शत्रु **x** ---------- | **8.** अनुज **x** ---------- | **9.** आय **x** ---------- |
| **10.** आयात **x** ---------- | **11.** हित **x** ---------- | **12.** शिक्षित **x** ---------- |
| **12.** शिक्षित **x** ---------- | **13.** उपस्थित **x** ---------- | **14.** जन्म **x** ---------- |
| **15.** ऊँच **x** ---------- | **16.** उपकार **x** ---------- | **17.** ज्ञान **x** ---------- |
| **18.** विवेक **x** ---------- | **19.** स्वामी **x** ---------- | **20.** सभ्य **x** ---------- |

**पर्यायवाची** शब्द

<u>1.</u> **<u>विश्व</u>** में अनेको तरह की भाषाएँ बोली जाती है । रेखांकित शब्द का सही पर्यायवाची शब्द चुनिए ।

(i) **कर** (ii) **दिवस** (iii) **गज** (iv) **संसार**

2. हमें खाना खाने से पहले **<u>हाथ</u>** अच्छी तरह से धोने चाहिए । रेखांकित शब्द का सही पर्यायवाची शब्द चुनिए ।

(i) **वन** (ii) **माता** (iii) **कर** (iv) **शेर**

**प्रश्न 12.निम्नलिखित शब्दों के दो - दो पर्यायवाची लिखिए :**

3. **दिन** ----------- ----------  4. **सूर्य** ----------- --------
5. **हाथी** -------------- --------  6. **सोना** ------------ ----------
7. **माता** --------------- -------------  8. **अंधकार** ------------ -------
9. **शेर** --------------- ------------  10. **जंगल** --------------- -------

**प्रश्न 13.** निम्नलिखित वाक्यों में से कौनसा वाक्य सही है ।

1..मैं रोटी खाया हूँ । 2. मैंने अपना काम कर लिया । 3. चाचा जी दुकान जाएगा ।
4. मुझे एक काटकर सेब दो ।

**निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए -**

2. .मैं रविवार के दिन जाऊँगा । -----------------------------------------

3. मेरे को स्कूल जाना है । ----------------------------------------

4. नल से पानी बह रही है । ----------------------------------------

5. मुझे गरम गाय का दूध दो । ----------------------------------------

6. मेरा पिताजी दफ्तर गया है । -----------------------------------------

7. यह अच्छा लोग है । -----------------------------------------

8. हमने कई पुस्तकें पढ़ा है । -----------------------------------------

9..यहाँ कूड़ा नहीं फेकों । -----------------------------------------

10..मुझे आम का फल अच्छा लगता है । -----------------------------------------

**प्रश्न 14.** '' पर्वतीय सुंदरता '' पर अनुच्छेद लेखन लिखिए ।

Learn all questions answer and notes from the notebook.

Read all the lessons from test book thoroughly

Wish you all the best.